हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 21 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

10 जींद में 850 से कम वाले 126 गांव 850 से 900....



10 राजीव आधुनिक भारत के निर्माता थेः रिषीपाल



## खबर संक्षेप

### बस की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

**जींद।** गांव ईक्कस के निकट तेजरफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के साले की शिकायत पर फरार बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव सेरदा निवासी सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका जीजा गांव रामराये निवासी बिजेंद्र बाइक पर सवार हो कर शहर से गांव की तरफ जा रहा था।

### अमेरिका भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** ठगी करने वालों पर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही अमेरिका भेजने के नाम पर 24 लाख ठगी करने के मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते जिला जींद के गांव बडौद निवासी जितेंद्र पाल उर्फ सोनु को गिरफ्तार कर लिया गया।

### एप के माध्यम से खाते से उड़ाए 1. 86 लाख रुपये

**जींद।** साइबर ठगों ने एप के माध्यम से व्यक्ति के फोन को हैक कर खाते से एक लाख 86 हजार 253 रुपये ट्रांसफर कर लिए। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्रीन सिटी निवासी सुखदेव ने साइबर पोर्टल पर दी शिकायत में बताया कि जून माह ने उसने व्हाट्सअप पर आए लिंक को क्लिक कर लिया।

### व्यक्ति से 191421 रुपये ठगे, मामला दर्ज

**कैथल।** साइबर थाना क्राइम पुलिस ने चालान की व्हाट्सएप पर एपीके फाइल भेज कर व्यक्ति से 19 लाख 1421 रुपए की ठगी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। सेक्टर 19 के सिमरनजीत सिंह ने साइबर क्राइम को पुलिस को दिए शिकायत में बताया कि 18 जुलाई को उसके पास फोन आया आरोपी द्वारा व्हाट्सएप पर आरटीओ पालम के नाम की मोबाइल चालान की एक एपीके फाइल भेजी गई।

### मोबाइल चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने गांव बिश्रपुरा से मोबाइल फोन चोरी करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव बिश्रपुरा निवासी महिपाल ने गत 14 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती रात चोरों ने मकान से दो मोबाइल चोरी कर ले गए थे।

### हजारों रुपये का सामान-नकदी चोरी

**कैथल।** कस्बा चीका से चोर सैनेटरी हार्डवेयर स्टोर की दुकान से हजारों रुपए का सामान व नकदी चुरा कर ले गए। चीका के राजेश ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि चोर 18 अगस्त की रात को उसकी सैनेटरी हार्डवेयर स्टोर की दुकान में घुसते हुए वहां पर रखा सामान व नकदी चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कुल कीमत करीब 60000 बताई गई है।

### मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**जींद।** हरियाणा सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए डा. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए आवेदन करने की तिथि 31 जनवरी तक निर्धारित की है। डा. भीमराव अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना में 10वीं, 12वीं व स्नातक कक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

### बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** कस्बा पुंडरी के हावडी रोड पर बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। सनराइज फार्म टयोंठा के कीर्तन ने आरोप लगाया है कि 7 अगस्त को जब वह टयोंठा हाबडी रोड से जा रहा था तो अज्ञात चालक ने बाइक को तेज-लापरवाही से चलते उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

# प्रदेशाध्यक्ष की उपस्थिति में चीका नपा चेयरपर्सन ने थामा भाजपा का दामन

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की नीतियों व कार्यशैली से बहुत प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

भाजपा के प्रदेश कार्यालय पंच कमल पंचकूला में नगरपालिका चीका की चेयरपर्सन डा. रेखा रानी को प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता, प्रदेश भाजपा नेता अशोक गुज्जर, कैथल जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, जिला प्रभारी अमरपाल राणा व अन्य भाजपा के नेताओं की मौजूदगी में प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भाजपा का पटका पहना कर विधिवत रूप से पार्टी में शामिल करवाया। रेखा रानी को भाजपा में शामिल करवाने में पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है। इससे पूर्व 2014 में रेखा रानी ने गुहला विस का चुनाव आजाद प्रत्याशी के तौर पर लड़ा था और 23 हजार वोट मिले थे तभी से एक मजबूत महिला नेत्री के तौर पर हल्के में अपनी पहचान रखती है। रेखा ने सीधे तौर पर नपा का चुनाव भाजपा -जजपा गठबंधन में लड़ कर विजय प्राप्त की थी। उनको नपा की कुर्सी पर बैठाने के लिए निवर्तमान सांसद व वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सैनी आए थे। रेखा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बतौर प्रोफेसर भी कार्यरत रही है। रेखा रानी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल की नीतियों व कार्यशैली से बहुत प्रभावित है। देश व प्रदेश में जिस प्रकार से भाजपा ने विकास किया है व योजनाएं चलाई है उनसे हर वर्ग को मान सम्मान मिला है। भाजपा एक पार्टी ही नहीं, एक विचार है। वो एक विचार के साथ जुड़ कर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है। पहले देश फिर पार्टी फिर स्वयं की नीति के अनुसार भाजपा काम करती है।



**गुहला-चीका** नगरपालिका चीका की चेयरपर्सन डा. रेखा रानी भाजपा में शामिल होते। *फोटो :हरिभूमि*

### संगठन के लिए करेंगे कामः रेखा

रेखा ने कहा कि वो भाजपा पार्टी में दिन रात काम करेगी और पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का काम करेगी। रेखा ने कहा कि वो हल्के के हर भाजपा कार्यकर्ता के साथ मिल कर चलेगी और उन से पार्टी की रीती नीति को और बारीकी से जानेगी। रेखा ने भाजपा संगठन का पार्टी में शामिल करने पर आभार प्रकट किया और भरोसा दिलाया कि वो पार्टी के लिए मेहनत करेगी।

# जींद में मलेरिया का एक डेंगू के सात केस मिले

- स्वास्थ्य विभाग की 200 से अधिक टीमें फिल्ड में, कर रही जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला में डेंगू और मलेरिया दस्तक दे चुका है। स्वास्थ्य विभाग को डेंगू के सात और मलेरिया का एक केस मिल चुका है। डेंगू और मलेरिया के केस सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच अभियान को और गहन कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग की 200 से अधिक टीमें फिल्ड में हैं जो लोगों को लगातार जागरूक करने का काम कर रही है। वहीं अबतक एक लाख 20 हजार लोगों की मलेरिया जांच की जा चुकी है। जिनमें से केवल एक केस मलेरिया का मिला है। वहीं 20 लाख घरों में लारवा की जांच हुई। जिले में सबसे ज्यादा वर्ष 2015 में 668 डेंगू के मामले सामने आए थे। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान से साल दर साल डेंगू का प्रकोप कम होता चला गया। विभाग की तरफ से सितंबर व अक्टूबर माह डेंगू के लिए पीक सीजन माना जाता है। डेंगू का मच्छर साफ पानी पर पनपता है। यह मौसम मच्छरों के पनपने लिए पूरी तरह से अनुकूल है। अब एक बार फिर डेंगू और मलेरिया के केस सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मच्छरजनित रोगों के अलावा दूषित पानी से होने वाली डायरिया, हैजा व पीलिया जैसी बीमारियों से निजात पाने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य निरिक्षक राममेहर वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मच्छरजनित रोगों व दूषित पानी से होने वाली बीमारियो से बचाव की जानकारी देने के अलावा निरोगी हरियाणा के तहत मधुमेह, उच्च रक्तचाप, खून की कमी की जांच करते हुए लोगों को समय पर इलाज लेने की सलाह दी।



### स्वास्थ्य विभाग चला रहा लगातार फीवर मास सर्वे

जिला मलेरिया अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने बताया कि डेंगू व मौसमी बीमारियों को लेकर कर्मी लगातार फीवर मास सर्वे कर रहे हैं। लोगों को लगातार मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जहां भी डेंगू के मामले मिल रहे हैं वहां फॉगिंग करवाई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें बुखार पीड़ितों की लगातार स्लाइडें बना रही हैं। आमजन को चाहिए कि वो स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। बुखार के मरीजों के प्रबंधन के लिए नागरिक अस्पताल डेंगू आइसोलेशन वार्ड स्थापित किया गया है। जिसमें 14 बेड आरक्षित किए गए हैं। इसके अलावा जिले के प्रत्येक उपमंडल अस्पताल में छह-छह बेड और सीएचसी, पीएचसी स्तर पर एक या दो बेड डेंगू मरीजों के लिए आरक्षित किए गए हैं।

## पुरानी बिल्डिंग से गायनी वार्ड शिफ्ट होकर नई बिल्डिंग में आएगा

# नागरिक अस्पताल एमरजेंसी वार्ड के सामने लगने वाली भीड़ से मिलेगा जल्द छुटकारा

## अस्पताल का ट्रैफिक मैनेजमेंट बेहतर होगा, मरीजों को मिलेगी राहत

नई बिल्डिंग में आई वार्ड भी शिफ्ट होकर आएगा प्रथम तल पर मरीजों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन ने फैसला लिया है कि एमरजेंसी वार्ड के सामने अक्सर लगने वाली भीड़ से छुटकारा दिलाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण वार्डों को शिफ्ट किया जाएगा। इससे न केवल अस्पताल का ट्रैफिक मैनेजमेंट बेहतर होगा बल्कि मरीजों को राहत मिलेगी। अस्पताल अधिकारियों के अनुसारए पुरानी बिल्डिंग में स्थित गायनी (स्त्री रोग) वार्ड को अब नई बिल्डिंग में नीचे ही आई वार्ड में स्थानांतरित किया जाएगा। साथ ही नई बिल्डिंग में स्थित आई (नेत्र वार्ड) को प्रथम तल पर शिफ्ट किया जाएगा ताकि मरीजों को पहुंचने में आसानी हो। इसके अलावा ईसीजी वार्ड को भी प्रथम तल पर लाया जाएगा। यह शिफ्टिंग जल्द ही पूरी होने की उम्मीद है। जिससे पुरानी बिल्डिंग में जगह खाली हो सकेगी और इमरजेंसी क्षेत्र में भीड़ कम होगी। वार्डों की शिफ्टिंग का कार्य आसान नही है। इसलिए डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. रघुवीर पूनिया ने प्लांनिंग तैयार की। गायनी, ईसीजी, आई वार्ड के प्रभारियों से उनके सामान और शिफ्टिंग को लेकर बातचीत की और सामान उठाने के लिए चतुर्थ श्रेणी कर्मियों का प्रबंध करने का निर्देश दिया। पहले ईसीजी वार्ड व मेंटल हैल्थ कमरे के सामान को शिफ्ट किया जाएगा। इसके बाद आई वार्ड के सामान को नई बिल्डिंग के प्रथम तल पर शिफ्ट किया जाएगा ताकि गायनी वार्ड को यहां लाया जा सके। अस्पताल प्रशासन का प्रयास है कि शिफ्टिंग प्रक्रिया के दौरान मरीजों की जांच व देखभाल में कोई कमी नही आए। यह बदलाव जींद जिले के स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आगे चलकर अस्पताल में और सुधारों की योजना है ताकि मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए लगी मरीजों की लंबी लाइन।



**जींद।** चिकित्सक कमरों के बाहर लगी मरीजों की लाइन। *फोटो :हरिभूमि*

### एक छत के नीचे मिलेंगी सभी सुविधाएं : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि यह बदलाव मरीजों की सुविधा और अस्पताल की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए किए जा रहे हैं। इमरजेंसी वार्ड के सामने अक्सर मरीजों और उनके परिजनों की भीड़ लग जाती है। वार्डों की शिफ्टिंग से यह समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी। वहीं महिला मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी उपचार सुविधाएं उपलब्ध होंगी। क्योंकि नई बिल्डिंग में ही अल्ट्रासाउंड, आप्रेशन थिएटर व उपचार वार्ड बनाया है। नई बिल्डिंग में ओपीडी विंग आने से महिलाओं को लाभ होगा।

### जच्चा व बच्चा के लिए वार्ड बनाया

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में गायनी वार्ड है। आए दिन यहां ओपीडी 270 से 300 तक पहुंचती है। ऐसे में यहां महिलाओं, उनके साथ आने वाले परिजनों का जमावडा लगा रहता है। हालांकि वार्ड के सामने बैड भी लगाए गए हैं लेकिन अल्ट्रासाउंड व अन्य जांच के लिए उन्हें कई बार नई बिल्डिंग का रूख करना पड़ता है। ऐसे में गायनी वार्ड को नई बिल्डिंग में ही शिफ्ट किया जा रहा है ताकि सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकें। नई बिल्डिंग में ही आप्रेशन के बाद जच्चा व बच्चा को उपचार के लिए वार्ड बनाया हुआ है।

# कैथलः नपा कर्मचारियों ने मांगों को लेकर झाड़ू उलटे कर किया प्रदर्शन

- 10- 11 सितंबर को विधयको के आवास पर जा कर मांगपत्र देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की अध्यक्षता मे चंदाना गेट बीट पर झाड़ू उल्टे लेकर प्रदर्शन किया संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टाँक ने किया संघ के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा,संघ के राज्य उपप्रधान राजेन्द्र सिन्नद व केंद्रिय कमेटी सदस्य जयप्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार लगातार नगर पालिकाओ, नगर परिषदो, नगर निगमो व फायर के कर्मचारियो के साथ वादा खिलाफी कर रही है ओर संघ के साथ 7 अगस्त 2024 व 22 अक्टूबर 2022 ओर 2018 मे मानी गई मांगो के परिपत्र जारी नही किये जिसके कारण हमे बार-बार धरना-प्रदर्शन करना पड रहा है, उन्होंने ने कहा कि समझोते मे मानी गई माँगो मे सफाई व सीवरमैन को नियमित भर्ती प्रक्रिया के तहत पक्का करना,पोर्टल पर लगने वाली हाजरी पर रोक लगाना,जींद मे महर्षि वाल्मिकी जयन्ती पर मुख्यमन्त्री द्वारा की घोषणा के अनुसार शहरी व ग्रामीण सफाई कर्मचारियो को 27000 रुपये वेतन का लैटर जारी करना,फायर विभाग मे फयार आपरेटर की 2268 सैक्सन पदो पर 1340 पे रोल के कर्मचारियो को मर्ज करके समान काम - समान वेतन देना आदि मांगो के लिए आंदोलन जारी रहेगा। मिटिंग मे महेन्द्र बिड़लान, राजकुमार मंचल, जगदीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाड़े में 110 पशु मृत मिलने से मचा हड़कंप

- तीन चिकित्सकों की टीम ने किया पोस्टमार्टम, बिसरा लैबारेट्री भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव साहनपुर में रात को संदिग्ध हालात में 110 भेड़ व बकरियों की अचानक मौत से हडकंप मच गया। बाड़े में 155 भेड़ व बकरियां थी। सूचना मिलते ही पशु चिकित्सक मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा। पशुओं में किसी बीमारी के लक्षण भी नही मिले । चिकित्सकों ने मृत भेड़, बकरियों का पोस्टमार्टम करवा उन्हें दफना दिया और बिसरे को जांच के लिए लैबोरट्री भेज दिया। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। अचानक भेड़ें तथा बकरियों के मारे जाने से पालक को भी काफी नुकसान हुआ है। गांव साहनपुर निवासी शिवम ने मकान के साथ अपनी भेड़, बकरियों का बाडा बनाया हुआ है। रात को शिवम ने 140 भेडों तथा 15 बकरियों को ठीक ठाक छोड़ा था। जिसमें से बुधवार सुबह 101 भेड़ तथा नौ बकरियां मृत पाई गई। एक साथ 110 भेड़ व बकरियों के अचानक मरने से हडकंप मच गया। सूचना मिलते ही पशुपालन विभाग के चिकित्सक मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। छानबीन में ऐसा कुछ सामने नही आया कि एक साथ इतनी संख्या में भेड़, बकरियों की मौत हो सके। कोई बिमारी के लक्षण भी नही दिखाई दिए। देर रात तक सब कुछ ठीक था। सुबह भेड़, बकरियों का पशुबाड़े में मरी पाई जाना सभी के लिए सवाल बना रहा। मृत भेड़, बकरियां एक दूसरे पर पड़ी हुई थी। आशंका यह भी जताई जा रही है कि भेड़ व बकरियों का बाड़ा तंग था। रात को कुछ ऐसा भेड़ बकरियों को दिखाई दिया हो, जिससे उनमें भगदड़ मच गई। तंग जगह होने, भगदड़ मचने तथा ऑक्सीजन की कमी होने कारण मौत की संभावना भी जताई जा रही है।



### रिपोर्ट आने के बाद होगा खुलासा

पशु चिकित्सक डा. सुनील बुदेला, डा. राजेश, डा. जयप्रकाश ने मृत भेड़ तथा बकरियों का पोस्टमार्टम करा उन्हें दफना दिया और बिसरे को जांच के लिए लैबोरट्री भेज दिया। जांच रिपोर्ट आने के बाद भेड़ तथा बकरियों की मौत का खुलासा हो सकेगा। पशु चिकित्सक डा. सुनील बुदेला ने बताया कि मृत भेड़, बकरियों का पोस्टमार्टम किया गया है। बिसरे को जांच के लैबोरट्री भेजा गया है। प्रथम दृष्टि में बीमारी के कोई लक्षण नही मिले हैं। बिसरा रिपोर्ट आने के साथ मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

## डिलीवरी में डा. विशाल व एलटी प्रतिभा की रही विशेष भूमिका

# सेक्टर आठ पॉलीक्लीनिक में 13 वर्ष बाद डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेक्टर आठ स्थित पॉलीक्लीनिक में 13 वर्ष बाद पहली डिलीवरी हुई है। हालांकि पॉलीक्लीनिक पिछले 13 वर्षों से चला आ रहा है लेकिन आजतक डिलीवरी हट चालू नही हो पाया था। बुधवार को सुबह उचाना विधानसभा क्षेत्र के सुदकैन खुर्द गांव की महिला नीलम ने यहां बचचेबेबी को जन्म दिया। बच्चा और जन्म देने वाली मां दोनों पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं। गौरतलब है कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग की ओर से सेक्टर 8 में पोलीक्लिनिक का निर्माण करवाया गया है। 13 वर्ष के बाद संस्थान में पहली डिलीवरी सामान्य रूप से नर्सिंग ऑफिसर के द्वारा करवाई गई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से महिला चिकित्सक डा. दीपिका, लैब टैक्नीशियन प्रतिभा रेढू मौजूद रही। डिलीवरी की शुरूआत करने में डा. विशाल सांगवान की मेहनत रंग लाई। नर्सिंग ऑफिसर अंजुबाला, प्रीति, मुकेश, नीलम, वीरेंद्र सहित स्टाफ मौजूद रहा। मेडिकल ऑफिसर डा. विशाल ने बताया कि सीएमओ डा. सुमन कोहली के निर्देशानुसार ओर पॉलीक्लिनिक प्रभारी डा. संदीप लोहान के मार्गदर्शन में लेबर रूम कि शुरुआत बुधवार को हो पाई है। पिछले 13 वर्ष के बाद सुदकैन की महिला नीलम पॉलीक्लिनिक पहुंची। जहां उसकी सामान्य रूप से डिलीवरी स्टाफ के द्वारा करवाई गई। नीलम को लड़का हुआ है। यह उनका दूसरा बच्चा है। जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह से स्वस्थ है। बच्चा तीन किलो का है।



**जींद।** जच्चा और बच्चा के साथ डा. विशाल, डा. दीपिका व अन्य स्टाफ। *फोटो :हरिभूमि*

# जिप में करोड़ों के घोटाले का आरोपित ठेकेदार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला परिषद कैथल में करोड़ों रुपये के घोटाले का मामला अब फिर से एक बार सुर्खियों में आया है। इस मामले में एसीबी ने आरोपी ठेकेदार प्रवीन सरदाना को बुधवार को गिरफ्तार किया, लेकिन आरोपी की ओर अदालत में बीमारी का हवाला दिया गया और उसे अदालत ने राहत देते हुए अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। यह जमानत अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. नंदिता कौशिक की अदालत ने दी है। हालांकि अदालत ने आरोपी को अंतरिम अग्रिम जमानत के दौरान जांच में पूरी तरह से शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि इस घोटाले में तत्कालीन जिला परिषद सीईओ, एसडीओ, जेई समेत कई ठेकेदारों के नाम सामने आए। आरोप है कि 35 से 40 प्रतिशत कमीशन लेकर ठेकेदारों को करोड़ों रुपये का भुगतान कर दिया गया। मशीनरी किराये पर दिखाकर अलग-अलग खातों में भारी भरकम राशि ट्रांसफर की गई थी। प्रवीन सरदाना की फर्म /"भारत प्रोजेक्ट/" के खाते में भी 1.43 करोड़ रुपये आने का उल्लेख है। हालांकि, बचाव पक्ष ने कोर्ट में कहा कि उन्होंने केवल मशीनरी व ट्रैक्टर-ट्रॉली उपलब्ध कराई थी।

## खबर संक्षेप

### संकट मोचन संस्था ने डीसी से की मुलाकात

जींद। बीजेपी संकट मोचन संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष सोलंकी ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा से शिष्टाचार भेंट कर जिला में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों बारे प्रशंसा की। डीसी से चर्चा करते कहा कि वर्तान सरकार प्रत्येक वर्ग के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को निरन्तर लागू कर रही है। जिसका लाभ अन्तिम छौर पर खड़े व्यक्ति को मिल रहा है।

### दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

जींद। राजकीय पीजी कालेज में सत्र 2025-26 के दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यवान ने कहा कि महाविद्यालय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को जरूरी जानकारी देकर उन्हें परिसर और संसाधनों से परिचित कराना है ताकि उनका कॉलेज जीवन में प्रवेश सहज हो सके।

### भाविप उचाना शाखा के प्रधान बने अनूप खापड़

उचाना। भाविप की मीटिंग गीता विद्या मंदिर स्कूल उचाना मंडी में हुई। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश मित्तल एवं पूर्व प्रांतीय महासचिव राजकुमार गोयल के सान्निध्य में ये मीटिंग हुई। सर्वसम्मति से अनूप खापड़ को भाविप उचाना शाखा का प्रधान मनोनित किया। अमित जैन कापड़ो को सचिवए साहिल गर्ग को कोषाध्यक्ष, बाबूराम बंसल, विकास मखंड को उपाध्यक्ष, डा. सुरेश गुप्ता एवं दयानंद मित्तल को संरक्षक चुना किया।

### मनरेगा मेटों ने मांगों को लेकर किया मंथन

जींद। नेहरू पार्क में विभिन्न ब्लॉक के मनरेगा मेट प्रधान सुनील शर्मा की अध्यक्षता में जमा हुए। बैठक के दौरान जींद जिले मनरेगा मेट ने अपनी जायज विभिन्न मांगों को लेकर मंथन किया। सुनील शर्मा ने कहा कि हाल ही बंद किए गए कार्यों को शुरू करने बारे, पिछले डेढ़ दशक से मनरेगा मेट की मासिक मानदेय की मांग को पूरा करने बारेए मजदूरों दैनिक मजदूरी को 700 रुपये प्रतिदिन करने बारे एक ज्ञापन सीएम को दिया जाएगा।

### रिवॉल्यूशन रिजल्ट जारी करे यूनिवर्सिटी प्रशासन

जींद। सीआरएसयू में अखिल भाविप के इकाई अध्यक्ष राहुल कक्कड़ ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद ने जींद यूनिवर्सिटी के कुलपति और कंट्रोलर डॉक्टर राजेश बंसल को यूजी 6 सेमेस्टर और पीजी 4 सेमेस्टर के विद्यार्थियों को स्पेशल चांस और मर्सी चांस दिया जाए। क्योंकि विद्यार्थियों के एक वर्ष खराब नहीं हो।

### कालेज छात्रों के व्यक्तित्व विकास का मंच : तनाशा

जींद। राजकीय कालेज सफीदों में नवप्रवेशी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए छात्रों को कालेज की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, गतिविधियों और संसाधनों से परिचित कराना रहा। अध्यक्षता कालेज की प्राचार्य डा. तनाशा हुड्डा ने की। संबोधन में छात्रों को शिक्षा और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि कालेज केवल अध्ययन का ही केंद्र नहीं है बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व विकास का भी प्रमुख मंच है।

### भ्रूण हत्या की सूचना देने पर सभा देगी इनाम

जींद। मैढ सुनार सभा की बैठक स्थानीय सैक्टर 6 में स्थित महाराज अजमीढ भवन एवं निर्माणाधीन सुनार धर्मशाला में हुई। अध्यक्षता सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी ने की। कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए, सूचना देने वाले व्यक्ति को मैढ सुनार सभा द्वारा 21 हजार का इनाम देने का भी निर्णय लिया गया।

### पाई के युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च

पाई। करोड़ा गांव के युवाओं ने मनीषा हत्याकांड को लेकर गांव में कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान मनजीत,सोनू,दीपक, कुलदीप, सलिनदर,पवन, राजीव, मोहीत, राजू, कुलदीप आदि ने कहा कि हम अपनी बहन मनीषा के प्रति अन्याय नहीं होने देंगे। कहा कि इस कांड में किसी प्रभावशाली व्यक्ति के शामिल होने की बू आ रही है।

## जींद में लिंगानुपात को बेहतर करने की कवायद


# जींद में 850 से कम वाले 126 गांव 850 से 900 के लिंगानुपात के तीस

### पीएनडीटी एक्ट को लेकर एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

**चार एमटीपी सेंटर व दो अल्ट्रासाउंड सेंटर को अनियमितताओं मिलने पर किया सस्पेंड**

हरिभूमि न्यूज. जींद

लघु सचिवालय के सभागार में बुधवार को कन्या भूरण के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाने और जनचेतना फैलाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य अधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एडीसी विवेक आर्य ने की। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि जिला प्रशासन भूरण हत्या को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। यह न केवल एक सामाजिक अपराध है बल्कि मानवता के विरुद्ध भी है। सरकार की प्राथमिकता है कि बेटियों को सुरक्षित जन्म और गरिमापूर्ण जीवन मिले। अभीतक पीएनडीटी में कुल 35, एमटीपी में कुल 29 रेड हुईः बैठक में एडीसी ने जींद के लिंगानुपात का अवलोकन किया। जिला जींद में लिंगानुपात के आधार पर गांवों का तीनो भागों में विभाजित किया गया। 850 से कम लिंगानुपात वाले 126 गांव, 850-900 के लिंगानुपात के 30 गांव, 900 से अधिक वाले 148 गांव हैं। जिला जींद के ब्लाक को तीन जोन अनुसार गांवों की संख्या में विभाजित किया गया। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने बताया कि अभीतक पीएनडीटी में कुल 35 रेड की गई हैं। एमटीपी में कुल 29 रेड हुई हैं। इस वर्ष जिला जींद में एमटीपी की चार रेड हो चुकी हैं। जिले में गर्भवती महिलाओ के साथ लाडो सखी योजना के तहत आशा वर्कर व आंगनबाड़ी वर्कर को लगाया गया है। इनको जिम्मेदारी दी गई है कि जिन महिलाओ के पास पहले से दो लड़कियां हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए कि उनका लिंगचयन के आधार पर गर्भपात न हो। इसके साथ प्रतिदिन गर्भपात के कैसो के रियल टाइम ट्रैकिंग की जा रही है। जहां पर भी संभावना नजर आ रही है वहां पुलिस को साथ ले कर तफतीश करते हुए कानूनी कार्यवाही की जाती है। संदेहपूर्ण गर्भपात के कैसो में गर्भवती महिलाओं को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है। जिले में चार एमटीपी सेंटर व दो अल्ट्रासाउंड सेंटर को अनियमिताओं पर ससपेंड किया गया है तथा आठ अल्ट्रासाउंड केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है । एडीसी विवेक आर्य ने स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व लिंग चयन निषेध अधिनियम का सख्ती से पालन कराया जाए। गर्भपात में सहायक औषधियों एवं उपकरणों की अवैध बिक्री और दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग विशेष अभियान चलाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर जिला में कुल कितनी गर्भवती महिला है तथा कितनी महिलाओं की डिलीवरी हो चुकी है, इस सब का डाटा ऑनलाईन कर दुरुस्त रखें। इसकी पूरी रिपोर्ट पहुंचाना सुनिश्चित करें। सभी विभाग तालमेल के साथ कार्य करें और जिला में लिंगानुपात के आंकड़े को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करें। महिलाओं की डिलिवरी स्वास्थ्य संस्थानों में करवाने के लिए जागरूक करें। पीएनडीटी एक्ट की पालना स्वास्थ्य विभाग सख्ती से करवाना सुनिश्चित करें। समय-समय पर अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच करते रहें। इस अवसर पर सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली, डिप्टी सीएमओ डा. पाले राम कटारिया, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के उपस्थित रहे।



जींद। लिंगानुपात बढ़ाने को लेकर दिशा-निर्देश देते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

# मछली पालन प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थी अपने प्रमाण पत्र के साथ।

पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चाखेड़ा द्वारा चलाए जा रहे तीन दिवसीय मछली पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस मौके पर निदेशक हितेश कालरा व डा. रोहित व चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी हिसार से डा. विक्रांत, डा. कविता शर्मा और डा. मलोथ मोहन आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में जींद, कैथल व फतेहाबाद जिलों के 26 युवकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के संयोजक डा. रोहित ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया व बताया कि मछली पालन को मतलब व्यवसायिक भाषा में मछलियों को कमाई करने के लिए पालना होता है। वैसे कुछ धनी, आराम पसंद, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग अपने शौक व प्रोटीन की कमी को पूरा करने के लिए भी मछली पालन करते हैं। क्योंकि मछली प्रोटीन का प्राथमिक स्त्रोत हैं। यही कारण है कि आज कल मछली पालन का कारोबार निरन्तर बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में मछलियों के तालाबों की कमी के कारण समुद्र व नदियों के माध्यम से ही मछली पालन संबंधित जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। चूंकि मनुष्य ने इन प्राकृतिक संसाधनों से बहुत अधिक मात्रा में मछली पकड़ ली है।



नरवाना। वेदांता स्कूल में पौधारोपण करते स्कूली बच्चे व डायरेक्टर प्रदीप नैन।

## स्कूल में चलाया वृक्षारोपण अभियान

नरवाना। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर हरे-भरे पौधों से सज उठा और विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्या वीना डारा एवं विद्यालय के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने पौधा लगाकर की। इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ छात्र व छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ बढ़.चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए। प्राचार्या वीना डारा ने अपने संबोधन में कहा कि पेड़ हमारे जीवन के सच्चे साथी हैं। वे हमें ऑक्सीजन, भोजन, छाया और दवाइयां देते हैं। वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि जीवन जीने की शैली होनी चाहिए। हर विद्यार्थी का यह दायित्व है कि वह एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे। निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज जब धरती प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों से जूझ रही हैए तो वृक्षारोपण ही इसका सबसे बड़ा समाधान है।

## कल्याणकारी योजनाओं पर लगी रोक को लेकर प्रदर्शन 28 को

जींद। भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू की जिला कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष जोगिंद्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई में। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान जिला उपाध्यक्ष कपूर सिंह, सीटू जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र ने कहा कि 10 जुलाई से फर्जीवाड़े के नाम पर श्रम कल्याणकारी योजनाओं पर सरकार ने रोक लगा दी है, जो कि सरासर गलत है। 10 जुलाई को रोक लगाने के साथ साथ सरकार ने जांच के नाम पर कमेटी बनाने की बात भी कही थी। जिला में कमेटी तो जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में बन गई लेकिन आज एक महीने से ऊपर बीत जाने के बाद भी जिला में किसी सिंगल निर्माण के मजदूर की जांच नहीं की गई। इसलिए यूनियन ने पूरे हरियाणा में आंदोलन करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में 28 अगस्त को जिला स्तरीय प्रदर्शन करते उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## कारागार में लोक अदालत का आयोजन

जींद। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. चंद्रहास के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका द्वारा जिला कारागार में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में एक मामला विचाराधीन रखा गया। प्राधिकरण सचिव ने जेल में रह रहे बंदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं व अपील के अधिकार से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों, हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। इसके अलावा प्राधिकरण सचिव ने जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है तो वह मुफ्त कानूनी सेवाओं के लिए प्राधिकरण के वकील की सेवाएं ले सकते है।



जींद। मामलों की सुनवाई करते सीजेएम मोनिका। फोटो :हरिभूमि



डीएवी स्कूल में नशा मुक्ति कार्यक्रम में बच्चों को जागरूक करते अतिथिगण।

## नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया

नरवाना। डीएवी पब्लिक स्कूल नरवाना में बुधवार को नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसआई हरियाणा पुलिस नरेश कुमार एसोशल वर्कर संदीप साहिल, ज्योति व बलबीर सिंह ने नशा मुक्ति अभियान के तहत बच्चों को जागरूक किया और इसके साथ-साथ उन्होंने फिजिकल फिटनेस को बढ़ाने के लिए खेलों के प्रति रुचि पैदा करने हेतु भी प्रोत्साहित किया। नशे से दूर रहने के लिए शपथ ग्रहण करवाई तथा नशा मुक्ति से संबंधित नारे लगाकर सभी को जागरूक किया। इसके साथ-साथ विद्यालय में रस्सा कस्सी प्रतियोगिता भी करवाई गई । छठी कक्षा से छात्रा अश्विका ने भजन के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति दी। बच्ची के गायन की प्रतिभा को देखकर संदीप साहिल ने नगद पुरस्कार और नरेश कुमार ने मैडल के द्वारा सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा ने भी बच्चों को नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद किया।

## बच्चों ने शांति और भाईचारे का दिया संदेश

जींद। राजकीय माध्यमिक विद्यालय बरसाना मे पहला कदम फाउंडेशन के तत्वावधान मे सद्भावना दिवस मनाया गया जिसमे विद्यालय के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों ने राष्ट्रीय एकता ओर विश्व शांति के लिए ड्राइंग पेंटिंग से समाज को सद्भावना बनाए रखने का संदेश दिया। मुख्यध्यापक जंग बहादुर ने बताया कि सद्भावना दिवस सभी धर्मों, भाषाओं और संस्कृतियों के बीच राष्ट्रीय एकता, शांति और सद्भावना का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन पूरे भारतीय समाज में सद्भावना और समझ को बढ़ावा देता है, जो लोगों को एकता और मित्रता के सूत्र में पिरोने को काम करता है। पहला कदम फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश वशिष्ठ ने बताया की पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता माना जाता है।



जींद। सद्भावना की शपथ लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। डा. गुरप्रीत शर्मा के साथ मानव मित्र मंडल के सदस्य।

## निशुल्क चिकित्सा सेवा प्रारंभ की

नरवाना। शैक्षणिक और सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत मानव मित्र मंडल शाखा नरवाना ने निशुल्क चिकित्सा सेवा आरंभ की। शाखा सचिव नरेश वत्स ने बताया कि सामान्य रोग विशेषज्ञ डा. गुरप्रीत शर्मा हर शुक्रवार को सायं छह बजे से आर्य उप नगर में निशुल्क सेवाएं देंगे। शहर में विशेषज्ञ चिकित्सक की आवश्यकता को देखते हुए यह सेवा प्रारंभ की गई है। प्रो. रमेश ने इस कार्य पर हर्ष व्यक्त किया व शाखा को और अधिक सेवा कार्य विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने डा. गुरप्रीत के सेवा कार्यों की सराहना की। यह सेवा सेवानिवृत अध्यापक महावीर गुप्ता की देखरेख में चलेगी। इस अवसर पर दिनेश गोयल, अनिल गर्ग, अनिल वत्स, सुमित गर्ग, असीम राना, श्याम सुंदर, रजनीश जैन, कर्मचंद, राजेश गोयल, अचल मित्तल, विक्की, विनोद चितारा, विशाल गुप्ता, सुनील गोयल, सुशील पांचाल, नत्थू राम इत्यादि उपस्थित रहे।



राजकीय स्कूल बेलरखा में आयोजित प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चे प्रिंसिपल बलजीत गोयत के साथ।

## नारा लेखन में जाहनवी प्रथम

नरवाना। राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि बेलरखा में हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर विद्यालय स्तरीय विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया कि प्रतियोगिताओं में कक्षा छह से आठ तथा कक्षा नौ से 12 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कक्षा छह से आठ वर्ग में आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं की अवनी ने प्रथम, चित्र देखकर कविता लेखन प्रतियोगिता में कक्षा छठी के विनय ने प्रथम, दृश्य घटना वर्णन प्रतियोगिता में सातवीं कक्षा की प्रतिज्ञा ने प्रथम, चित्र देखकर कहानी लेखन प्रतियोगिता में सातवीं की मुस्कान ने प्रथम, भाषण प्रतियोगिता में आठवीं की पिंकी ने प्रथम, व्याकरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आठवीं की दीपिका ने प्रथम, निबंध लेखन प्रतियोगिता में आठवीं की तमन्ना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 से 12 वर्ग में आयोजित प्रतियोगिताओं में कविता पाठ में दसवीं की रूहानी ने प्रथम, स्वरचित कविता लेखन में सुनैना ने प्रथम, स्वरचित कहानी लेखन में दुर्गा ने प्रथम, नारा लेखन में जाहनवी ने प्रथम, भाषण प्रतियोगिता में दीपिका ने प्रथम, व्याकरण आधारित प्रश्नोत्तरी में लक्ष्मी ने प्रथम तथा निबंध लेखन में मनप्रीत ने प्रथम स्थान हासिल किया।

# निबंध प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में सद्भावना दिवस बड़े उत्साह से मनाया गया। इसकी अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने की। इंचार्ज वर्ग अनुदेशक केवल सिंह जुलानी ने छात्रों को संबोधित करते कहा कि सद्भावना दिवस हर वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर मनाया जाता है। अपने उद्बोधन में बताया कि यह दिवस राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सौहार्द, सामाजिक समरसता और शांति को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

छात्रों से आह्वान किया कि समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को हमेशा बनाए रखें। क्योंकि यही हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है। कहा कि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में सद्भाव और एकता ही सबसे बड़ी ताकत है और नई पीढ़ी का कर्तव्य है कि वे इन मूल्यों को आत्मसात करें। सद्भावना दिवस के अवसर पर संस्थान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम स्थान, सीमा ने द्वितीय स्थान और विकास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों और स्टाफ ने मिलकर सद्भावना प्रतिज्ञा भी ली।



जींद। प्रतियोगिता की विजेता को सम्मानित करते प्रधानाचार्य। फोटो :हरिभूमि



जींद। महिला विंग के साथ चर्चा करते अग्रवाल समाज के अध्यक्ष राजकुमार गोयल।

## पंजीकरण करवाने के लिए करें प्रेरित

जींद। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा द्वारा आगामी सात सितंबर को जींद के अग्रसेन स्कूल के परिसर में आयोजित होने वाले उत्तर भारत स्तरीय युवक युवती विवाह योग्य परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर बुधवार को समाज के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार गोयल एवं उनकी टीम ने महिला विंग की अहम बैठक ली। बैठक को संबोधित करते प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार गोयल ने कहा कि सम्मेलन अब नजदीक है और इसकी सफलता में महिला विंग की भूमिका बेहद अहम है। वैसे तो महिला विंग पिछले लंबे समय से परिचय सम्मेलन को लेकर पूरा सहयोग कर रही है। अब चूकि परिचय सम्मेलन नजदीक आ रहा है, ऐसे में महिला विंग की सदस्यों को कॉलोनियों में घर-घर जाकर परिवारों से और ज्यादा संवाद स्थापित करने चाहिएं। बच्चों के माता-पिता को ज्यादा से ज्यादा प्रेरित करने चाहिए कि वे अपने बच्चों का पंजीकरण अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन समाज में नई ऊर्जा और दिशा देने वाला होगा जिसमें युवक, युवतियों को अपने जीवनसाथी चुनने का एक सशक्त मंच मिलेगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया

# राजीव आधुनिक भारत के निर्माता थे: रिषीपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। स्व. राजीव गांधी को नमन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया। गांव हैबतपुर के ग्राम सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सरपंच रिषीपाल ने कहा कि पूर्व प्रधानमत्री राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। महज 40 वर्ष की उम्र मे देश की बागडोर संभाली थी। उन्होंने देश में कंप्यूटर और टेलीकम्युनिकेशन मे क्रांति की नींव रखी थी। उनका कार्यकाल में देश को नई दिशा तथा दशा मिली। आज राजनीति जाति, धर्म, क्षेत्रवाद, भाई भतीजावाद का बोलबाला है। जबकि स्व. राजीव गांधी के नेतृत्व में बनी कांग्रेस सरकार में देशहित तथा विकास सर्वपरि था। देश ने तरक्की भी उस दौरान खूब की। कांग्रेस नेता राजू लखीना, जगबीर ढिगाना ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारत मे तकनीकी युग की पहल पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की देन है। उन्होंने सशक्त तथा आधुनिक भारत का मूलमंत्र देश का दिया। उन्होंने देश की तरह कांग्रेस पार्टी में भी लोकतंत्र को सर्वपरि रखा। उन्होंने युवाओं का नई राह दिखाई। तकनीकी के महत्व को समझाया। आज देश का युवा पूरे देश में अपनी ताकत का लोहा मनवा रहा है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। कांग्रेस नेता अमनदीप बेलरखां ने कहा कि युवाओं को देश में दिशा पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी ने दी। आज देश तकनीकी रूप से जो तरक्की कर रहा है, उसमें सबसे बड़ा योगदान पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी का है। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखे और अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



जींद। हिंदू कालेज में नशा मुक्ति पर बनाई गई रंगोली। फोटो :हरिभूमि

## मानसी ने बनाई सबसे अच्छी रंगोली

जींद। हिंदू कन्या कालेज के एंटी ड्रग्स अवेयरनेस सेल द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशे के विरुद्ध रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यस्त्र5म होम साइंस लैब के सामने कॉरिडोर एक में 10 बजे शुरू हुआ। प्रतियोगिता में कुल 16 छात्राओं ने भाग लिया और अपनी रंगोली के माध्यम से नशा मुक्त भारत होने के लिए छात्राओं को संदेश दिया। छात्राओं ने नशा मुक्ति के उद्देश्य को अपनी रंगों के माध्यम से बखूबी प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का संचालन डॉक्टर सीमा दलाल और डा. पिंकी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा की गई। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना है। रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मानसी प्रथम वर्ष रही। द्वितीय स्थान पर वंशिका प्रथम वर्ष और तृतीय स्थान पर ईशा प्रथम वर्ष रही। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका वरिष्ठ प्रोफेसर डा. गीता और तनु द्वारा निभाई गई।

खबर संक्षेप



बातचीत करते भाजपा नेता अमित टाया।

## दिल्ली की सीएम पर हमला लोकतंत्र के लिए शर्मनाकः टाया

**पूंडरी।** भाजपा नेता अमित टाया ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद निंदनीय और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली है। एक महिला मुख्यमंत्री के साथ इस तरह का व्यवहार न केवल असभ्य है बल्कि देश की लोकतांत्रिक मर्यादा को भी ठेस पहुंचाता है। अमित टाया ने कहा कि खबरों के मुताबिक गुजरात निवासी राजेश भाई खिमजी भाई दिल्ली आकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के बाल खींचने और थप्पड़ मारने जैसी हरकत करता है, तो यह सवाल उठता है कि क्या वह केवल इसी मकसद से गुजरात से दिल्ली आया था। इस पूरे मामले की गहन और सख्त जांच होनी चाहिए ताकि सच सामने आ सके। उन्होंने कहा कि इस घटना से यह भी स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही बरती गई है। मुख्यमंत्री पर हमला उनकी सुरक्षा करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा करता है। दिल्ली पुलिस को तुरंत इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

### पट्टी गादड़ व पट्टी कायस्थ सेठ में कार्रवाई

# पनप रही अवैध कालोनी पर जिला प्रशासन ने चलवाया पीला पंजा

शहर में अवैध निर्माण व अवैध कालोनियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल ।** अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही करती जेसीबी फोटो : हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से राजस्व संपदा पट्टी गादड़ व पट्टी कायस्थ सेठ में पनप रही अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। अवैध कालोनी में कार्यवाही एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधान अनुसार की गई। इस कार्रवाई के दौरान मिकाड़ा विभाग के एसडीओ मनोज कुमार बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में कैथल अर्बन एरिया की राजस्व संपदा पट्टी गादड़ में करीब 4.5 एकड़ तथा पट्टी कायस्थ में 2 एकड़ में अवैध कालोनी के पनपने का मामला संज्ञान में आया था। जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भू स्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके अवैध कालोनी को रोकने के आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कालोनी के निर्माण कार्य को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया। जिसके बाद डीटीपी का अमला पुलिस बल संबंधित कालोनी में पहुंचा और वहां पर बनी मिट्टी की सड़कें, बाउंड्री वॉल, सीवरेज तथा डीपीसी को शुरुआती चरण में तोड़ा गया। इसके साथ ही पुलिस को संबंधित भू-मालिकों एवं डीलरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायत दी गई है। जिला नगर योजनाकार द्वारा आम लोगों से अपील की है कि वे किसी कालोनी में प्लाट लेने से पहले उसकी वैधता जरूर चैक कर लें। उन्होंने बताया कि शहर में अवैध निर्माणों व अवैध कालोनियों को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# आरोपित से आठ बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




**कैथल ।** बाइक चोर आरोपी सीआईए-1 पुलिस गिरफ्त में फोटो : हरिभूमि

सीआईए-1 पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए एक बाइक चोर को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 8 चोरी की बाइक बरामद हुई। जानकारी देते हुए बताया कि गांव कौल निवासी विनोद की शिकायत अनुसार 22 जुलाई को वह अपनी बाइक जिला अदालत के बाहर सड़क पर खड़ी करके किसी काम से अदालत गया हुआ था। जब वापिस आया तो उसकी बाइक वहां नहीं मिली, जो उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया गया। एसपी आस्था मोदी ने दुपहिया वाहन चोरो पर शिकंजा कसने के लिए सीआईए-1 पुलिस को आदेश दिए गए। आदेशो पर खरा उतरते हुए सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई राजीव कुमार व एएसआई बिजेंद्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव पाडला निवासी 27 वर्षीय संजीव को काबू कर लिया गया। पूछताछ दौरान आरोपी के कब्जे से उपरोक्त मामले की बाइक सहित कुल 8 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। आरोपी द्वारा ये सभी बाइक पाडला रोड़ ड्रेन के पास एक खंडहर में छुपा रखी थी।

## मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 31 तक करें फसल का पंजीकरण

**कैथल ।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल के उपनिदेशक (डीडीए) डा. बाबुलाल ने बताया कि सभी खरीफ फसलों (धान, कपास, बाजरा, मक्का, दालें, फल-फूल व सब्जियों इत्यादि) का पंजीकरण करने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल 31 अगस्त तक खुला हुआ है। सरकार द्वारा संचालित कृषि से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए तथा अपने कृषि उत्पादों को आस-पास की मंडियों में बेचने के लिए किसान अपनी फसल का पंजीकरण अवश्य करें।

# अलग-अलग मामलों में दो पीओ आरोपित दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में अलग अलग मामलों में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा आरोपी अमरगढ़ गामड़ी कैथल निवासी गुरप्रीत को गिरफ्तार कर लिया गया, जो आरोपी गुरप्रीत पर 18 जुलाई 2021 को अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर अमरगढ़ गामड़ी निवासी व्यक्ति के घर में घुसकर डंडो व मुक्कों से मारपीट करते हुए चोटे मारने का आरोप है। जिस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज है। जो आरोपी जमानत हासिल करके दोबारा न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ और भूमिगत हो गया था। आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 5 जुलाई को पीओ घोषित कर दिया था। दूसरे मामले में एएसआई रणदेव सिंह द्वारा आरोपी डिफेंस कॉलोनी कैथल निवासी जोगिंद्र को गिरफ्तार किया गया।

# आशा इकाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

- बाल विवाह उन्मूलन 2025 कानून की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल ।** बाल विवाह रोकने को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार की देखरेख में वैकल्पिक विवाद निवारण (एडीआर) केंद्र के कांफ्रेंस हॉल में बाल विवाह उन्मूलन, 2025 की दिशा में आशा इकाई का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएलएसए कैथल के पैनल एडवोकेट अरविंद खुरानिया ने आशा इकाई के हितधारकों और सदस्यों को नालसा की आशा (एसओपी) 2025 की अवधारणा और प्रावधानों के बारे में जागरूक किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि हाल ही में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सोसाइटी ऑफ एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन एंड अन्य बनाम भारत संघ मामले में भारत में बाल विवाह रोकथाम, पुनर्वास और पुन एकीकरण के लिए व्यापक दिशा निर्देश जारी किए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) को एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के निर्देश जारी किए हैं, जो वकीलों और कानून प्रवर्तन अधिकारियों के लिए बाल विवाह रोकथाम, सुरक्षा और पुनर्वास से संबंधित कानूनी सहायता सेवाओं और दीर्घकालिक पुनर्वास योजनाओं के लिए व्यापक दिशा-निर्देश प्रदान करें। उन्होंने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उपरोक्त आदेश के मद्देनजर, नालसा ने बाल विवाह की रोकथाम, सुरक्षा और पुनर्वास के लिए यह मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है। यह एसओपी कानूनी सेवा संस्थानों को शामिल करके और अंतर-संस्थागत सहयोग को मजबूत करके बाल विवाह से निपटने के लिए एक संस्थागत ढांचा और तंत्र तैयार करता है।



**पूंडरी।** बातचीत करते भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली।

## पूंडरी के विकास में विधायक का योगदान ऐतिहासिकः मैहला

**पूंडरी ।** भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष डॉ. बलविंद्र मैहला संगरौली ने कहा कि विधायक सतपाल जांबा पूंडरी जिले के विकास को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं और उनका कार्यकाल जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रहा है। उन्होंने कहा कि पूंडरी में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, युवाओं को शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना सतपाल जांबा की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। बलविंद्र मैहला ने कहा कि विधायक सतपाल जांबा ने किसानों, मजदूरों और गरीब तबके की भलाई के लिए कई योजनाओं को धरातल पर उतारा है। भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि आज पूंडरी जिला विकास की नई पहचान बना रहा है और इसमें विधायक की सक्रिय भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार और पार्टी नेतृत्व की प्राथमिकता हमेशा जनता के हित और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की रही है और सतपाल जांबा उसी नीति पर चलते हुए पूंडरी की तस्वीर बदलने में जुटे हुए हैं। बलविंद्र मैहला ने कहा कि विपक्ष केवल झूठे आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का काम करता है।

खबर संक्षेप

## प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध



**गुहला-चीका ।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान हो, इसके लिए उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो बार समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। यह समाधान शिविर एसडीएम कार्यालय में हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे है। समाधान शिविर में आमजन प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही करवा सकते है। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं के समाधान करने के लिए एक ही समय में सभी अधिकारी एक स्थान पर मौजूद रहते है। आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य कर रहे हैं। समाधान शिविर के दौरान जो भी शिकायत प्राप्त होती है उसका समाधान संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही किया जाता है। प्रशासन प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने व आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जा रहा है।

## ट्रैफिक नियमों की पालना करने के लिए किया जागरूक



**कैथल ।** आमजन सहित युवाओं को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए बुधवार को डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश व यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा दुर्घटनाओं में कमी लाना है। डीएसपी सुशील प्रकाश ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की आवश्यकता, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, तेज गति और मोबाइल के उपयोग से होने वाले खतरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जिन्हें थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से रोका जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान आईटीआई स्टाफ व विद्यार्थियों को फोटो के माध्यम से बताया कि बहुत सारे आईटीआई के विद्यार्थी दुपहिया पर तीहरी सवार व बिना हेलमेट के चलते है। डीएसपी ने कहा कि चालान से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी व दुसरों की जान माल की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए।



**कैथल ।** जाट आईटीआई के चयनित विद्यार्थी कंपनी अधिकारियों के साथ

## फिटर ट्रेड के विद्यार्थियों की कंपनी में प्लेसमेंट

**कैथल।** जाट प्राइवेट आईटीआई में प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा की अध्यक्षता में फिटर ट्रेड के विद्यार्थियों की हीरो-होंडा कंपनी में प्लेसमेंट होने के उपलक्ष्य में जाट हाई स्कूल सोसाइटी की प्रबंधक समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप-प्रधान बलजिंदर बनवाला,महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल तथा कोषाध्यक्ष बलकार नैन द्वारा विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थी ईशु,सुखविंदर,साहिल तथा रविंदर रहे। प्रधानाचार्य कुलदीप गोपेरा ने स्टाफ सदस्यों और विद्यार्थियों के बेहतरीन तालमेल की प्रशंसा की तथा आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी अध्यापक अपनी-अपनी ट्रेड के विद्यार्थियों का इसी तरह से विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट में सहयोग करते रहेंगे। प्रधान राजकुमार बेनीवाल तथा प्रबंध समिति के सदस्यों ने प्रधानाचार्य, स्टाफ सदस्य-गण तथा विद्यार्थियों की प्रेरक वक्तव्य के माध्यम से भूरी-भूरी प्रशंसा की।इस अवसर पर स्टॉफ सदस्य सतबीर चहल, हंसराज मलिक, दर्शन सिंह ,कुलदीप सिंह, महिपाल सिंह, विकास, विक्रम, राजेश, कुलदीप सहारण, दीपक, अजय, सुमन, निशा, धर्मवीर, धर्मेंद्र उपस्थित रहे।

# जाट महाविद्यालय कैथल और हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल ।** एमओयू के दौरान जाट कालेज और हारट्रोन के अधिकारी

जाट कालेज कैथल और शहर के अंबाला रोड स्थित प्रतिष्ठित हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर के बीच बुधवार को हारट्रोन कैंपस में परस्पर सहयोग को लेकर एक एमओयू साइन किया गया। इस समझौते का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट के अवसर प्रदान करना है। समारोह में जाट कॉलेज की ओर से प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह और हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर की ओर से सेंटर हेड डॉ. बलविंद्र ढुल ने दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर किए। दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस एमओयू के तहत विद्यार्थियों को कंप्यूटर, आईटी, डिजिटल टेक्नोलॉजी और एडवांस्ड स्किल्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही, उन्हें प्रैक्टिकल एक्सपोज़र और इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। डा. दिनेश सिंह ने कहा कि आज के समय में पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ स्किल बेस्ड ट्रेनिंग भी बेहद जरूरी है। इस समझौते से न केवल विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, बल्कि स्थानीय स्तर पर स्किल डेवलपमेंट की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। हस्ताक्षर के बाद दोनों संस्थानों ने भविष्य में संयुक्त रूप से विभिन्न कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम और सेमिनार आयोजित करने की भी योजना बनाई।

## बाल विवाह पर रोक लगाने को लेकर किया जा रहा गंभीरता से कार्य

**कैथल ।** जिला संरक्षण अधिकारी एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी सुनीता ने बताया कि डीसी प्रीति के दिशा निर्देशानुसार बाल विवाह पर अंकुश लगाने के लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। बाल विवाह करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2025 में अभी तक बाल विवाह की दस शिकायतों पर बाल विवाह संपन्न होने के पश्चात जिला पुलिस के माध्यम से एफआईआर दर्ज करवाई गई हैं, जिन पर अग्रिम कानूनी कार्यवाही चल रही है। इसके अलावा 11 बाल विवाह स्थगित करवाए गए हैं। बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा वर्ष 2008 से हरियाणा के सभी जिलों के महिला थाना में स्पेशल सेल फॉर वूमेन एण्ड चिल्ड्रन कार्यालयों की स्थापना की गई हैं।

## एक लाख से अधिक यूनिट रक्त का संकल्प लिया




**राजौंद ।** संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18 वी पुण्य स्मृति में पूरे भारत वर्ष मे विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इसमें 1 लाख से भी अधिक यूनिट का संकल्प लिया गया है। जो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने जा रहे हैं। जिसका गिनीश बुक में नाम दर्ज करवाया जाएगा। इस श्रेष्ठ कार्य में सभी शामिल होकर किसी असहाय, जरूरतमंद के लिए सहयोगी जरूर बने। 24 अगस्त रविवार सुबह 9.30 से दोपहर 2:30 बजे तक रक्तदान शिविर जारी रहेगा। ब्रह्माकुमारीज का यह कदम भारत के हजारो सेवा केंद्र, जिसमें हरियाणा के सेवा केन्द्रों पर रक्तदान का सुनहरा प्रयास है। आपके द्वारा किया गया रक्तदान, किसी को जीवन दे सकता है, किसी के अपनों की जान बचाकर उनके जीवन में फिर खुशियां ला सकता है।तो सोचना क्या आज ही अपना नाम नोट करवाएं और किसी को नया जीवन देने में सहयोगी बनें।

### अग्रवाल युवा सभा कैथल के पदाधिकारियों ने सांसद नवीन जिंदल से की भेंट

*महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में जुटेंगे हजारों लोग, ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी*

# समारोह को प्रेरणादायक और ऐतिहासिक बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाएगाः गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल ।** सांसद नवीन जिंदल से मिलते रामप्रताप गुप्ता व अन्य फोटो : हरिभूमि

अग्रवाल युवा सभा कैथल के नव-नियुक्त प्रधान रामप्रताप गुप्ता व चेयरमैन रामकुमार बंसल एंव पदाधिकारियों ने कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद माननीय नवीन जिंदल से उनके दिल्ली आवास पर मुलाक़ात कर आगामी महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के भव्य आयोजन पर विस्तार से चर्चा की। यह आयोजन सितम्बर माह के नवरात्रों में कैथल में होने वाला है, जिसमें 5 हजार से अधिक लोगों के जुटने की संभावना है। सभा के प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि "महाराजा अग्रसेन जयंती केवल एक पर्व नहीं, यह समाज सेवा, समरसता और राष्ट्र निर्माण का संकल्प दोहराने का अवसर है। समारोह को प्रेरणादायक और ऐतिहासिक बनाने के लिए समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाएगा।

सभा के चेयरमैन रामकुमार बंसल ने कहा कि "यह आयोजन समाज की एकजुटता को नई पहचान देगा और नई पीढ़ी को अग्रसेन जी के आदर्शों से जोड़ने का माध्यम बनेगा। समारोह में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार के क्षेत्र में समाजहित के ठोस संकल्प लिए जाएंगे।" सभा के मुख्य सह सचिव हिमांशु गोयल ने कहा कि "अग्रवाल युवा सभा शिक्षा, समाजसेवा और युवा सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में सार्थक पहल कर रही है। इस जयंती समारोह के दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**ये रहे मौजूद**

सांसद नवीन जिंदल ने सभा के नव नियुक्त पदाधिकारी एंव कार्यकारिणी को हार्दिक शुभकामनाएं दी व सभा के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के आदर्श समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। मैं इस आयोजन के लिए हरसंभव सहयोग करूँगा और चाहता हूँ कि कैथल की यह जयंती पूरे प्रदेश के लिए मिसाल बने।इस अवसर पर अग्रवाल युवा सभा कैथल के प्रधान रामप्रताप गुप्ता, चेयरमैन रामकुमार बंसल, महासचिव मोहनलाल गुप्ता, वरिष्ठ उप प्रधान संजय बंसल व मुख्य सह सचिव हिमांशु गोयल व कोषाध्यक्ष सुभाष बंसल एंव मुख्य संरक्षक धर्मवीर केमिस्ट उपस्थित रहे।

## जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए करें कार्य :एडीसी

**कैथल ।** बुधवार को लघु सचिवालय में कुपोषण मुक्त अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि जिले को कुपोषण से मुक्त करने के लिए सभी अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। हम सबको मिलकर जिला को कुपोषण मुक्त बनाना है। इसलिए इसमें सभी की सक्रिय भागीदारी होने चाहिए। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने सर्कल अनुसार कुपोषित बच्चों से संबंधित जानकारी ली तथा स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए कुपोषित बच्चों के आंकड़ों का आंकलन किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारियों को आदेश दिए कि आरबीएसके की टीम द्वारा चिन्हित किए गए कुपोषित बच्चों को फॉलो अप समय-समय पर किया जाए।

**सूचना**

मैं, मदन लाल पुत्र श्री हुकम सिंह निवासी गांव तलोडा, तहसील व जिला जींद बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मुरारी लाल व पुत्रवधु शिवानी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## गांव कंडेला में डेढ़ घंटे तक बंद रहा हाइवे

# मनीषा हत्याकांड के विरोध में जींद कैथल राष्ट्रीय मार्ग पर लगाया जाम

ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच करने व दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव कंडेला के लोगों ने मनीषा हत्याकांड के विरोध में बुधवार को जींद-कैथल हाईवे पर जाम लगा दिया। लोगों ने मांग की कि मनीषा हत्याकांड की निष्पक्ष जांच हो, हत्यारों का सुराग लगा कर उन्हें कड़ी सजा दी जाए। बाद में गांव के मौजिज लोगों ने वाहन चालकों तथा यात्रियों की परेशानी का देखते हस्तक्षेप कर जाम खुलवाया। लगभग डेढ़ घंटे लगे जाम के कारण वाहन चालकों तथा यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

गांव कंडेला के ग्रामीण बुधवार को मनीषा हत्याकांड के विरोध में गांव से गुजरने वाले जींद-कैथल हाईवे पर अवरोधक डाल कर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने कहा कि मनीषा की हत्या ने सभी मानवीय पहलुओं को तार-तार कर दिया। जो थ्यूरी पुलिस ने रखी है, वह न तो परिजनों को हजम हो रही है न ही आमजन को विश्वास हो रहा है। वहां की पुलिस तथा प्रशासन लोगों को संतुष्ट करने तथा व्यवस्था बनाए रखने मे पूरी तरह नाकाम रही है। लोगों के सवालों के जवाब देने की बजाय उनकी आवाज को दबाया जा रहा है।

हालात ऐसे हैं कि लोगों का सरकार से विश्वास उठता जा रहा है। बेटी तथा महिलाएं सुरक्षित नही हैं। सरकार को चाहिए कि मनीषा हत्याकांड की निष्पक्ष जांच हो। हत्यारो का जल्द सुराग लगा कर उन्हें कड़ी सजा दिलाई जाए। जाम लगने की सूचना पाकर सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और जाम लगाए लोगों को समझाने की कोशिश की। लोगों के विरोध को देखते हुए पुलिस ने जाम स्थल से दूरी बना ली। आखिकार गांव के मौजिज लोगों ने यात्रियों तथा वाहन चालकों की परेशानी को देखते हुए हस्तक्षेप किया और जाम खुलवाया। जाम के कारण वाहन चालकों तथा यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।


जींद। जाम लगाए ग्रामीणों से बातचीत करते हुए पुलिसकर्मी।

### जाम लगाने पर 55 पर केस दर्ज, 10 काबू

मनीषा हत्याकांड के विरोध में नरवाना में पटियाला नेशनल हाइवे पर गत दिवस जाम लगाने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने 15 लोगों को नामजद कर 40 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने नेशनल हाइवे जाम करने के मामले मे दस लोगो को गिरफ्तार भी किया है।


पूंडरी। जाम खोलने के लिए युवाओं को समझाते नायब तहसीलदार अंशुल अरोड़ा।

### पूंडरी में मनीषा हत्याकांड को लेकर युवाओं ने सड़क पर लगाया जाम, किया विरोध प्रदर्शन

■ घंटों जाम में फंसे रहे वाहन, पुलिस ने समझाकर खुलवाया जाम

पूंडरी। मनीषा हत्याकांड को लेकर आज सैकड़ों युवाओं ने पूंडरी के गुरु ब्रह्मानंद चौक पर जाम लगा दिया और सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवाओं ने मांग की कि हलका विधायक सतपाल जांबा मौके पर आकर उन्हें आश्वासन दें कि वह मनीषा के पक्ष में मुख्यमंत्री से मिलकर जल्द से जल्द न्याय दिलवाने का काम करेंगे। सुबह करीब 10 बजे आसपास के गांवों से युवा एकत्रित होकर चौक पर पहुंचे और देखते ही देखते सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने धरना देकर सड़क जाम कर दी। इसकी सूचना मिलते ही एडिशनल एसएचओ रामवीर सिंह पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और युवाओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवा लगातार सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। युवाओं का कहना था कि जब तक विधायक सतपाल जांबा मौके पर आकर उन्हें आश्वस्त नहीं करेंगे तब तक वे जाम नहीं खोलेंगे। काफी समझाने-बुझाने के बाद युवा इस बात पर सहमत हुए कि वे अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद मौके पर नायब तहसीलदार अंशुल अरोड़ा पहुंचे। युवाओं ने उनके माध्यम से डीसी के नाम सरकार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में युवाओं ने मांग की कि मनीषा हत्याकांड के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

# युवा भाकियू चढ़ूनी गुट का कस्बे में प्रदर्शन, सरकार के खिलाफ गरजे

## महामहीम राज्यपाल के नाम ढांड थाना प्रभारी रेखा रानी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

युवा भारतीय किसान यूनियन (चढ़ुनी) द्वारा आज मनीषा हत्याकांड को लेकर कस्बे में जोरदार प्रदर्शन कर रोष जताया और ढांड थाना प्रभारी रेखा रानी के माध्यम से युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम किसान एडवोकेट के नेतृत्व में सैकड़ो युवाओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें मनीषा हत्याकांड की जांच सीबीआई से करवाने की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए किसान नेता विक्रम कसाना ने बताया कि राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि हरियाणा के भिवानी गांव ढाणी लक्ष्मन की 19 वर्षीय बेटी मनीषा की निर्मम हत्या से पूरा प्रदेश दुखी है। हम इस मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से करवाने की मांग करते है। जिस प्रकार से 11 अगस्त से लापता बेटी मनीषा का बुरी तरह से क्षत-विक्षत शव 13 अगस्त को लोहारु क्षेत्र में मिला। मृतका के साथ अत्यंत क्रूरतापूर्ण और अमानवीय व्यवहार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस से घटना ने एक बार फिर समाज को झकझोर दिया है।



ढांड। युवा भाकियू प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना राज्यपाल के नाम ढांड थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि


ढांड। थाना प्रभारी रेखा को ज्ञापन सौपते भाकियू नेता व अन्य युवा।

### बर्दाश्त नहीं करेगा समाज

किसान नेता विक्रम कसाना ने कहा कि अगर इस मामले में शीघ्र ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो समाज इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और हरियाणा में एक बड़ा आंदोलन किया जाऐगा। युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना ने मांग करते हुए कहा कि इस मामले में लापरवाह पुलिस अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, मृतका के परिवार को कम से कम 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए, मृतका के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

### मनीषा हत्याकांड के विरोध में सड़क पर उतरी कॉलेज की छात्राएं

जींद। जिले में मनीषा हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शनों का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को राजकीय स्नाकोतर महाविद्यालय तथा प्रियर्दशनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय की छात्राएं सड़क पर उतरी और शहर में विरोध प्रर्दशन किया। छात्राओं ने मनीषा के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी सजा दिलाने की मांग से संबंधित ज्ञापन तहसीलदार को सौपा। राजकीय प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी महिला महाविद्यालय की छात्राएं बुधवार को छात्रा रचाना के नेतृत्व में कालेज के गेट पर एकत्रित हुई। छात्राओं ने कहा कि मनीषा हत्याकांड से जो हालात पैदा हो गए हैं, उन्हें ही नही परिवारवालों को भी बेटियों की सुरक्षा को लेकर विश्वास नही हो रहा है। जिसके बाद छात्राओं ने मनीषा को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर गोहाना रोड पर प्रर्दशन किया। वहीं राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय की छात्राएं छात्रा संजना के नेतृत्व में कालेज के गेट पर एकत्रित हुई। जिसके बाद छात्राओं ने मनीषा को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर लघु सचिवालय तक रोष प्रर्दशन किया। छात्राओं ने कहा कि सरकार एक तरफ तो बेटी बचाओ, बेटी पढाओ की बात कर रही है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व जिलाध्यक्ष राजू मोर के भाई का निधन

जींद। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं मोर हेचरी व्यवसायी राजू मोर के छोटे भाई अनिल मोर का बीती रात को हिसार के निजी अस्पताल में निधन हो गया। अनिल मोर पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। बुधवार को अनिल मोर का पैतृक गांव लुदाना में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें मे विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक संस्थाओ के अलावा अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। लोगों ने अनिल मोर के निधन पर शोक जताया।

### मारपीट करके नकदी छीनने के 2 आरोपी काबू

कैथल। कैथल शहर से एक व्यक्ति से मारपीट करते हुए नकदी छीनने के मामले में 2 आरोपियों को स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव ग्योंग निवासी इंद्र की शिकायत अनुसार वह कुरुक्षेत्र वाइन के प्वाइंट खुर्दा विष्णु राइस मिल कुरुक्षेत्र रोड़ पर नौकरी करता है। 31 जुलाई को रात के समय जब वह दुकान खुर्दा को बंद करके घर जाने लगा तो 2 बाइकों पर आए 5 युवको ने उसका रास्ता रोका तथा उससे मारपीट करने लगे।

### अवैध बंदूक व 2 कारतूस सहित एक आरोपी काबू

कैथल। अवैध असला-अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना सदर क्षेत्र से एक आरोपी को काबू किया गया है। जिसके कब्जे से एक 12 बोर अवैध बंदुक व 2 कारतूस बरामद हुए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई राममेहर सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान गांव गढी बस अड्डा के पास मौजूद थी।

### सीएम ले रहे हैं जनहित में नायाब फैसलें : अत्री

उचाना। भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने हलके के घसो सहित अन्य गांव के दौरे किए। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सैनी निरंतर जनहित में नायाब फैसले ले रहे है। जो-जो वायदे किए थे उन्हें पूरा करने में लगे हुए है। आज विकास के मामले में हरियाणा नंबर वन है। पहले की सरकारों में विकास एक जिले तक सीमित रहते थे। एक जिले में रोजगार मिलता था। प्रदेश में चर्चा चल पड़ी थी कि नौकरी के लिए जिस जिले में रोजगार मिलते है वहां जाकर रहना पड़ेगा।

# फतेहपुर के जनसेवा शिविर में जांचा 110 मरीजों का स्वास्थ्य

■ नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा गांव में लगाया गया शिविर।

पूंडरी। गांव फतेहपुर में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा मनसा देवी मन्दिर में नवीन संकल्प जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं व प्रशासनिक सहायता उपलब्ध करवाई गईं।शिविर में मेडिकल वैन के माध्यम से एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा 110 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और मौके पर ही मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। 50 ग्रामीणों के रक्त और पेशाब की जांच भी निःशुल्क की गई, वहीं कई लोगों को आधार कार्ड व फैमिली आईडी सहायता प्रदान की गई।


मेडिकल वैन के साथ टीम सदस्य।

शिविर का शुभारंभ भाजपा नेत्री निधि मोहन ने किया। निधि मोहन नें कहा कि यह शिविर नवीन जिंदल की समाज सेवा के प्रति गहरी निष्ठा का प्रतीक है। ऐसे शिविर गांव-गांव जाकर लोगों को राहत दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है और भविष्य में भी इस प्रकार के शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

# पार्टी की मजबूती के लिए करें काम वरना घर से निकाल देंगे कार्यकर्ता

■ दो अक्टूबर से शुरू होगी कांग्रेस को जानो यात्रा : बीरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि अगर ये नेता कांग्रेस को मजबूत करने के लिए काम करेंगे तो हमारे साथी सिर.आंखों पर बैठाएंगे, लेकिन यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो फिर उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने देंगे। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर हरियाणा में कांग्रेस को जानो पैदल यात्रा निकाली जाएगी। बीरेंद्र सिह बुधवार को रविदास धर्मशाला में राजीव गांधी की जयंती पर


जींद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

आयोजित कार्यक्रम को सबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि जींद किसी की बापौती नहीं है। जींद में भी कांग्रेस आएगी और ये कांग्रेस नेताओं की नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की होगी। जो पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि दो अक्टूबर से पूरे हरियाणा में पैदल यात्रा निकाली जाएगी।

विधानसभा चुनावों जो विपरित नतीजे आए हैं। इससे जनता में उदासीनता का माहौल है। उचाना विस से हार को हाईकोर्ट में चुनौती देने से जुड़े सवाल पर उन्होने कहा कि कायदे से जिन पोस्टल बैलेट को इनवेलिड घोषित किया जाता है। उनकी वीडियोग्राफी के सामने दोबारा वेरिफिकेशन होनी चाहिए। उन्होने उम्मीद जताई कि है कि हाईकोर्ट जल्द उनकी याचिका पर फैसला सुनाएगी।

# पॉवर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनि. ने एसई को सौंपा मांगों का ज्ञापन

■ ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में उतरे कर्मचारी।

कैथल। ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की खामियों के विरोध में एसई को बिजली मंत्री व एसीएस के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

राज्य उपप्रधान स्वराज सिंह ने बताया कि अगर यह पॉलिसी लागू होती है तो दुर्घटनाए बहुत अधिक बढ़ जाएगी, लिपिक कार्य बाधित होंगे, तकनीकी कार्यों में बाधाएं उत्पन्न होंगी, सुरक्षा व सेवाओं में दिक्कतें पैदा होगी, दूरस्थ स्थानों पर तबादला होने से कर्मचारियों के आवासीय,पारिवारिक, आर्थिक व मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।


कैथल। अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

इसीलिए विभागीय मंत्री व विभाग के आला अधिकारियों को कर्मचारी हित में इस तबादला नीति में संगठन के सुझावों पर गौर करना चाहिए।

इस मौके पर प्रधान भारत भूषण चावला, नरेश कुमार, रवि मोगा, धीरज जेई, शेर सिंह, गांधी लेगा जेई, रोशन एफएम, जसवीर, ओम प्रकाश, अनूज, सतीश, सुरेंद्र विशेष तौर पर मौजूद रहे।

# स्व. राजीव गांधी को किया नमन

■ कैथल, हिसार, जींद जिले के महाविद्यालयों से पहुंचे प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

राजीव गांधी कॉल्जे में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। अंतर महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य डा. रणवीर कौशल व डा. बाबा वजराला की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में जाट कॉलेज कैथल, राजकीय महाविद्यालय नारनौंद, राजकीय महाविद्यालय जींद, राजकीय महाविद्यालय नरवाना, राजकीय कन्या महाविद्यालय जींद, जाट कॉलेज जींद, बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग उचाना, राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना, एसडी महिला महाविद्यालय उचाना के लगभग 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने राजीव गांधी का संचार क्रांति में योगदानए सशक्त लोकतंत्र एवं जागरूक मतदाता, विकसित भारत 2047 के लिए युवा शक्ति का योगदान एवं नई शिक्षा नीति एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषयों पर अपने-अपने विचार रखे। डा. कौशल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का न केवल व्यक्तिगत बल्कि सर्वांगीण विकास होता है। निर्णायक मंडल में डा. अंजना लोहान प्रिंसिपल, वरिष्ठ साहित्यकार ओमप्रकाश चौहान एवं नरेंद्र अत्री शामिल हुए।


उचाना। भाषण प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### शनिवार को मनेगी भाद्रपद अमावस्या

उचाना। हिंदू धर्म में अमावस्या से लेकर पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है। इस दौरान दान पुण्य की भी धार्मिक मान्यता होती है। इस दिन लोग पवित्र नदियों में स्नान करते हैं। अमावस्या को पितरों के तर्पण के लिए बेहद शुभ माना जाता है। विशेष उपाय करने से जीवन में खुशियों का आगमन होता हैए साथ ही पितृ दोष से छुटकारा मिलता है। वैसे तो हर महीने अमावस्या आती है लेकिन भाद्रपद महीने की अमावस्या का अपना अलग ही महत्व हैए जिसे ग्रहणी अमावस्या या पिठोरी अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन पितरों का श्राद्ध तर्पण और पिंडदान करने से उनके आत्मा को शांति मिलती है। पितृ दोष से परेशान हैं।

# विश्व मच्छर दिवस पर कार्यक्रम

■ स्वास्थ्य विभाग ने स्वास्थ्य केंद्रों व स्कूलों में किया आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

नगूरां पीएचसी के अधीन विभिन्न गांव के उप स्वास्थ्य केंद्रों व सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में विश्व मच्छर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। गांव के बाल विकास पब्लिक में विश्व मच्छर दिवस पर बच्चों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि प्रति वर्ष 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य मच्छरों से फैलने वाली बीमारी डेंगू-मलेरिया, चिकनगुनिया आदि मच्छर जनित रोगों के बारें में जन साधारण को जागरूक करना है। मच्छरों को पैदा होने से रोकने के लिए अपने घर में होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे, टूटे डिब्बे, टायर, बर्तन, बोतलें, पक्षियों को पानी पिलाने के बर्तन पूरी तरह से सप्ताह में एक बार खाली करें। उनको सुखा कर ठीक से पानी भरें। गड्ढों को मिट्टी से भर दें और रूकी नालियों को साफ करके उनमें काला तेल, डीजल, पेट्रोल, मिटटी का तेल डालें। बच्चों को ऐसे कपड़े पहनाएं जिससे शरीर का ज्यादा से ज्यादा हिस्सा ढका रहे। रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।



अलेवा। नगूरां गांव के बाल विकास पब्लिक स्कूल में बच्चों को जागरूक करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

### पोस्टर मेकिंग में प्रिया ने प्रथम, निशा द्वितीय व मुस्कान ने पाया तीसरा स्थान


अलेवा। राजकीय महिला महाविद्यालय जींद में विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य जय नारायण व सुमन खटक। फोटो : हरिभूमि

अलेवा। राजकीय महिला महाविद्यालय जींद में प्राचार्य जय नारायण गहलावत के दिशा निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रंगोली, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सहायक प्रोफेसर सुमन खटक ने किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रिया ने प्रथम, निशा ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य जय नारायण गहलावत ने विद्यार्थियों को नशा न करने के लिए अभिप्रेरित किया और बताया कि इससे हमारा शरीर भयंकर बीमारियों का शिकार हो जाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अलावा सहायक प्रोफेसर जितेंद्र शर्मा, नरेंद्र ढुल आदि ने भाग लिया।

**भड़की विनेश फोगाट** प्रदेश के अफसर सीएम की भी नहीं सुनते, हमारी तो औकात ही क्या

# फोन पर एसएचओ से बोली, बोलने की तमीज नहीं, दिन में पी ली है क्या

मां बनने के बाद पहली बार कार्यकर्ताओं के बीच आई रेसलर विधायक विनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के रेस्टहाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया। बैठक में मां बनने के बाद पहली बार कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट कार्यकर्ताओं के बीच पहुंची। विनेश फोगाट ने कहा कि प्रदेश में अपराध चरम पर है। जींद में रोजाना क्राइम हो रहे हैं। प्रदेश का भाईचारा इस कदर है कि भिवानी में बेटी मनीषा को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बेटी सबकी एक समान है। बेटी को न्याय दिलाने के लिए समाज एकजुट है जोकि पॉजीटीव है अन्यथा प्रदेश में कुछ भी पॉजीटीव नही है। हर दिन गोलियां चल रही हैं। जींद का मैने कभी सुना नहीं था कि यहां भी क्राइम होता है। बढ़ते क्राइम को लेकर भाजपा जिम्मेदार है। हम भी भुगतभोगी हैं, हमने भी आंदोलन में देखा कि किस तरह से आंदोलन को दबाया जाता है।


जुलाना। मोबाइल पर थाना प्रभारी से बात करते हुए विधायक विनेश फोगाट।

### गुमशुदगी मामले में किया था फोन

जुलाना थाना क्षेत्र के एक गांव के लोगों ने बताया कि 14 अगस्त से एक महिला का पति लापता है। थाना प्रभारी रविंद्र को विधायक ने फोन लगाया तो उन्होंने कहा कि रोजाना लोग लापता हो रहे हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी तो शराब पी रहा है। विधायक ने कहा कि जंगलराज बना हुआ है। क्योंकि थाना प्रभारी कहता है कि तु कौन बोले है। दारू पी रहा था के यो। कब आया है यो। यो तो पी रहा है। एक कार्यकर्ता ने कहा कि इसको सस्पैंड करवाओ। विनेश ने कहा कि आज के दिन मुख्यमंत्री की नही सुन रहे हैं।

इस मामले में जब थाना प्रभारी रविंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके पास पहली बार विधायक का फोन आया है तो यह पूछने में क्या बुराई है कि आप कौन बोल रहे हो। मैंने बता भी दिया कि मामले की जांच चल रही है।